(89)

पत्रांक : 5प / राज्य स्कीम–02–03 / 2021 (खंड) / 7010 / ..... / पं०रा०

बिहार सरकार
पंचायती राज विभाग

प्रेषक:

नजर हुसैन,
विशेष सचिव

सेवा में,

मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद्, सुपौल, किशनगंज,
खगड़िया, पटना, शेखपुरा, बाँका एवं कैमूर।

पटना दिनांक: 16/10/26

विषय : वित्तीय वर्ष 2026–27 में विभागीय स्वीकृत्यादेश संख्या 59(स्वी०) दिनांक 13.10.2026 द्वारा स्वीकृत कुल ₹34,57,968.00 (चौंतीस लाख संत्तावन हजार नौ सौ अड़सठ रूपये) मात्र की राशि का आवंटन।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि वित्तीय वर्ष 2026–27 में विभागीय स्वीकृत्यादेश संख्या 59(स्वी०) दिनांक 13.10.2026 द्वारा विभिन्न योजनाओं के संचालन एवं प्रबंधन हेतु जिला स्तरीय इकाई के लिए संविदा आधारित सेवानिवृत तकनीकी पदों पर नियोजित जिला क्वालिटी मॉनिटर (DQM) के वित्तीय वर्ष 2024–25 एवं 2025–26 के बकाया मानदेय सहित वित्तीय वर्ष 2026–27 के मानदेय राशि का भुगतान हेतु कुल ₹34,57,968.00 (चौंतीस लाख संत्तावन हजार नौ सौ अड़सठ रूपये) मात्र की राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है।

2. उक्त विभागीय स्वीकृत्यादेश के आलोक में वित्तीय वर्ष 2026–27 में संविदा के आधार पर नियोजित तकनीकी पदों पर कार्यरत जिला क्वालिटी मॉनिटर (DQM) के वित्तीय वर्ष 2024–25 एवं 2025–26 के बकाया मानदेय सहित भुगतान हेतु स्वीकृत कुल ₹34,57,968.00 (चौंतीस लाख संत्तावन हजार नौ सौ अड़सठ रूपये) मात्र की राशि निम्नरूपेण आवंटित की जाती है :–

राशि रूपये में

क्र०	जिला का नाम	कुल आवंटित राशि
1	2	3
1	सुपौल	650055.00
2	किशनगंज	492930.00
3	खगड़िया	1434162.00
4	पटना	149214.00
5	शेखपुरा	70932.00
6	बाँका	141116.00
7	कैमूर	519559.00
कुल		**3457968.00**

(68)

3. इस आवंटित राशि के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी संबंधित जिला के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद् होंगे, जिनके द्वारा राशि की निकासी संबंधित जिला कोषागार से बिहार कोषागार संहिता, 2011 के सुसंगत नियमों के आलोक में की जायेगी।

4. इस आवंटित राशि की निकासी वित्तीय वर्ष 2026–27 में राज्य स्कीम अंतर्गत "मुख्य शीर्ष–2515–अन्य ग्राम विकास कार्यक्रम–उपमुख्य शीर्ष–00–लघु शीर्ष–198–ग्राम पंचायतों को सहायता–उपशीर्ष–0113–मुख्यमंत्री निश्चय योजना" के "विषय शीर्ष–0113.31.04–सहायक अनुदान–वेतन" से की जायेगी। इसकी माँग संख्या–16 एवं विपत्र कोड–16-25150019801 13 है।

5. इस आवंटित राशि की निकासी विभागीय स्वीकृत्यादेश संख्या 59(स्वी०) दिनांक 13.10.2026 के आलोक में CFMS Portal के माध्यम से करेंगे तथा निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी राशि के व्ययोपरांत नियमानुसार व्यय विवरणी एवं उपयोगिता प्रमाण पत्र यथाशीघ्र पंचायती राज विभाग को उपलब्ध करायेंगे। सभी कर्मियों को निर्धारित मानदेय अनुमान्य दर पर नियमानुसार भुगतान एवं आवश्यक कटौती करने का दायित्व निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी का होगा। किसी भी प्रकार के गलत भुगतान के लिए निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी उत्तरदायी होंगे।

6. यह आवंटन वित्त विभाग के परिपत्र संख्या एम–4–05/98–2561 वि(2) दि० 17 अप्रैल 1998, पत्रांक 236 दिनांक 09.03.2026 एवं 926 दिनांक 31.07.2026 में निहित अनुदेशों के आलोक में निर्गत किया जा रहा है।

7. आवंटित राशि का भुगतान पूरी छानबीन एवं जाँच पड़ताल के बाद ही की जाये। यदि कोई छद्मपूर्ण या अनियमित निकासी होती है तो इसकी पूरी जिम्मेवारी निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी की होगी।

8. इस आवंटन को व्यय की स्वीकृति नहीं समझा जाए। राशि का व्यय सक्षम पदाधिकारी की स्वीकृति प्राप्त कर नियमों के आलोक में की जाय, ताकि कोई व्यय अथवा राशि की निकासी अनियमित नहीं हो।

9. इस आवंटित राशि की निकासी संबंधित कोषागार से बिहार कोषागार संहिता, 2011 के सुसंगत नियमों के आलोक में की जायेगी। कोषागार में प्रस्तुत किये जाने वाले सभी विपत्रों पर मुख्य शीर्ष/लघुशीर्ष/उपशीर्ष/प्राथमिक इकाई आदि का स्पष्ट मुहर, इकाईयों का कोड, विपत्र कोड एवं मांग संख्या अनिवार्य रूप से अंकित की जाये ताकि महालेखाकार के कार्यालय में लेखा संधारण समुचित ढंग से हो सके।

(87)

10. वित्तीय नियमावली, बजट मैनुअल तथा अन्य सुसंगत अभिलेखों में निहित प्रावधानों तथा समय–समय पर निर्गत आदेशों का दृढ़तापूर्वक पालन किया जाये ताकि व्यय पर वास्तविक रूप से नियंत्रण रखा जा सके।

11. इस आवंटनादेश के सभी पृष्ठ विशेष सचिव, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना द्वारा हस्ताक्षरित हैं।

12. इस आवंटन प्रस्ताव एवं प्रारूप में सचिव, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना का अनुमोदन संचिका संख्या : 5प/राज्य स्कीम–02–03/2021 (खंड) के पृष्ठ संख्या 38../टि० पर दिनांक 15.10.2026 को प्राप्त है।

13. इसकी सूचना महालेखाकार (ले० एवं ह०), बिहार, वीरचन्द पटेल पथ, पटना को भी दी जा रही है।

विश्वास भाजन

16/10/26

(नजर हुसैन)
विशेष सचिव

ज्ञापांक : 5प/राज्य स्कीम–02–03/2021 (खंड)/1080/पं०रा० पटना, दिनांक 16/10/26

प्रतिलिपि : महालेखाकार (लेखा एवं हक०), वीरचन्द पटेल पथ, बिहार, पटना/संबंधित जिला पदाधिकारी/संबंधित जिला कोषागार पदाधिकारी/संबंधित जिला पंचायत राज पदाधिकारी/प्रभारी पदाधिकारी, प्रशाखा–03 एवं 07 (उपयोगिता प्रमाण पत्र कोषांग), पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

16/10/26

(नजर हुसैन)
विशेष सचिव

ज्ञापांक : 5प/राज्य स्कीम–02–03/2021(खंड)/1081/पं०रा० पटना, दिनांक 16/10/26

प्रतिलिपि : आई०टी० मैनेजर, पचायती राज विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय बेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

16/10/26

(नजर हुसैन)
विशेष सचिव

D:\MS EXCEL\MS Excel\Allotment\Allotment 2026-27\State Scheme\7 Nishchay\Letter 2026-27.docx